अनुक्रमांक

नाम

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12+2 मानचित्र

932

# 825 (ES)

## 2016

## सामाजिक विज्ञान

**केवल प्रश्न-पत्र**

**(ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास)**

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[ पूर्णांक : 70*

***सामान्य निर्देश :***

*(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

*(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों — क एवं ख में विभाजित है । प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है । प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए ।* upboardonline.com

*(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।*



upboardonline.com

*(iv) प्रश्न-पत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं — बहु-विकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय व दीर्घ-उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके प्रारम्भ में दिए गए हैं ।*

*(v) क तथा ख खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मज़बूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है ।*

*(vi) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड क में प्रश्न संख्या 14 तथा खण्ड ख में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं ।*

---

### खण्ड क

### (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।* upboardonline.com

1. निम्नलिखित में से किसने होम रूल लीग की स्थापना की थी ? 1

   (अ) लाला लाजपत राय

   (ब) मोहम्मद अली जिन्ना

   (स) बिपिन चन्द्र पाल

   (द) बाल गंगाधर तिलक

2. लाला हरदयाल थे एक upboardonline.com 1

(अ) वैज्ञानिक

(ब) समाज सुधारक

(स) शिक्षाविद्

(द) क्रान्तिकारी

3. लोक सभा के सदस्य का कार्यकाल है 1

(अ) 2 वर्ष

(ब) 5 वर्ष

(स) 3 वर्ष

(द) 6 वर्ष

4. वर्साय की सन्धि की गयी थी 1

(अ) रूस के साथ upboardonline.com

(ब) अमेरिका (यू.एस.ए.) के साथ

(स) जर्मनी के साथ

(द) इटली के साथ

5. इंग्लैण्ड की गौरवपूर्ण क्रान्ति किस राजा के समय में हुई ? 1

(अ) जेम्स प्रथम

(ब) जेम्स द्वितीय

(स) चार्ल्स प्रथम

(द) हेनरी द्वितीय



6. भारत के प्रथम मुस्लिम राष्ट्रपति थे 1

(अ) फखरूद्दीन अली अहमद upboardonline.com

(ब) डॉ. ज़ाकिर हुसैन

(स) सलमान खुर्शीद

(द) डॉ. अब्दुल कलाम आज़ाद

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

7. प्रथम विश्व युद्ध के दो परिणाम बताइए । 1+1

8. भारत के दो पड़ोसी देशों का नाम लिखिए । 1+1

9. विश्व स्वास्थ्य संगठन क्या है ? इसका मुख्यालय कहाँ स्थित है ? upboardonline.com 1+1

## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

10. रूस में 'ख़ूनी रविवार' की घटना क्यों हुई ? इसका क्या परिणाम हुआ ? $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}$

**अथवा**

लीग ऑफ़ नेशन्स की असफलता के कोई तीन कारण लिखिए । 1+1+1

11. भारत की विदेश नीति के मुख्य सिद्धान्त क्या हैं ? उनमें से किन्हीं तीन का उल्लेख कीजिए । 1+1+1

**अथवा** upboardonline.com

संयुक्त राष्ट्र संघ के किन्हीं तीन सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए । 1+1+1

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

12. भारतीय नवजागरण में राजा राम मोहन राय और स्वामी दयानन्द का क्या योगदान था ? इनके द्वारा स्थापित संस्थाओं के सिद्धान्तों में क्या समानताएँ थीं ? 3+3

**अथवा** upboardonline.com

भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना कब और कहाँ की गई ? इसके प्रमुख उद्देश्य क्या थे ? 1+1+4

13. उन तीन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जब राष्ट्रपति अपनी संकटकालीन शक्तियों का प्रयोग कर सकता है । 2+2+2

**अथवा**

राज्य सभा के संगठन एवं कार्यों पर प्रकाश डालिए । 3+3



## (मानचित्र-कार्य)

upboardonline.com

14. निम्नलिखित स्थानों को **भारत** के दिए गए रेखा मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए । सही नाम तथा सही अंकन के लिए $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं।

(i) वह नगर जहाँ नाना साहब ने अंग्रेज़ों के विरुद्ध युद्ध किया था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ भारत में थियोसोफिकल सोसाइटी स्थापित हुई थी । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

upboardonline.com

(iii) वह स्थान जहाँ स्वर्ण मन्दिर स्थित है । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ बुलन्द दरवाज़ा स्थित है । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर स्थित है । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

upboardonline.com

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।*

(i) नाना साहब ने अंग्रेज़ों के विरुद्ध किस नगर में युद्ध किया था ? *1*

(ii) भारत में थियोसोफिकल सोसाइटी की स्थापना कहाँ हुई थी ? upboardonline.com *1*

(iii) स्वर्ण मन्दिर किस नगर में स्थित है ? *1*

(iv) बुलन्द दरवाज़ा कहाँ स्थित है ? *1*

(v) प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर कहाँ स्थित है ? *1*



## खण्ड ख

## (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

***निर्देश :*** *निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।* upboardonline.com

**15.** माउण्ट एवरेस्ट की ऊँचाई है *1*

(अ) 8348 मीटर

(ब) 8848 मीटर

(स) 8748 मीटर

(द) 8948 मीटर

**16.** निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य की जनसंख्या का घनत्व भारत की जनगणना 2011 के अनुसार सर्वाधिक है ? *1*

(अ) पश्चिम बंगाल

(ब) उत्तर प्रदेश

(स) बिहार

(द) मध्य प्रदेश upboardonline.com

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश विकसित देश है ? *1*

(अ) चीन

(ब) श्री लंका

(स) फ्रांस

(द) मिस्र

18. जलोढ मिट्टी का निर्माण होता है upboardonline.com 1

(अ) ज्वालामुखी विस्फोट से

(ब) वायु से

(स) ग्लेशियरों से

(द) नदियों से

19. भारत में विदेशी विनिमय का नियंत्रक कौन है ? 1

(अ) स्टेट बैंक ऑफ़ इण्डिया

(ब) सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इण्डिया

(स) रिज़र्व बैंक ऑफ़ इण्डिया

(द) यूनियन बैंक ऑफ़ इण्डिया

20. 'बिक्री कर' आय का साधन है upboardonline.com 1

(अ) केन्द्र सरकार का

(ब) राज्य सरकार का

(स) ज़िला पंचायत का

(द) ग्राम पंचायत का

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

21. भारत में कृषि और उद्योगों की पारस्परिक-निर्भरता की विवेचना कीजिए । 1+1

22. जनसंख्या के घनत्व से आप क्या समझते हैं ? भारत के किस राज्य का जनसंख्या घनत्व सबसे कम है ? 1+1

23. भारत के व्यापार के आयात व निर्यात की दो-दो वस्तुओं का उल्लेख कीजिए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$



upboardonline.com

## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

24. भारत में बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए तीन उपाय सुझाइए । 1+1+1

**अथवा**

भारत में जनसंख्या के असमान वितरण के तीन कारकों की विवेचना कीजिए । 1+1+1

25. आर्थिक नियोजन का क्या तात्पर्य है ? इसके किन्हीं दो लाभों का वर्णन कीजिए । 1+1+1

**अथवा**

आर्थिक नियोजन के किन्हीं तीन उद्देश्यों की विवेचना कीजिए । 1+1+1

upboardonline.com

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

26. भारत में खनिज तेल और कोयले के उत्पादन क्षेत्रों का वर्णन कीजिए । 3+3

**अथवा**

भारत का भौगोलिक वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत कीजिए : 2+2+2

(अ) स्थिति एवं विस्तार

(ब) भू-आकृति (उच्चावच)

(स) जल निकास (प्रवाह) upboardonline.com

27. कृषि की किन्हीं छः निविष्टियों की विवेचना कीजिए । upboardonline.com 1+1+1+1+1+1

**अथवा**

भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योगों के किन्हीं छः योगदानों का वर्णन कीजिए । 1+1+1+1+1+1

**(मानचित्र-कार्य)**

***निर्देश :*** *भारत के दिए गए मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए ।*

**28.** (i) कृष्णा नदी चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) श्रीनगर ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) गन्ना उत्पादन के किसी एक क्षेत्र को चिह्न द्वारा । upboardonline.com 1

(iv) कोलकाता से दिल्ली रेलमार्ग एक स्टेशन चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) एक आण्विक केन्द्र ☼ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$



**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 28 के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।*

upboardonline.com

(i) कृष्णा नदी किस समुद्र में गिरती है ? 1

(ii) श्रीनगर किस राज्य में स्थित है ? 1

(iii) भारत के एक आण्विक केन्द्र का नाम लिखिए । 1

(iv) भारत की किसी एक बहु-उद्देशीय नदी-घाटी परियोजना का नाम लिखिए । 1

(v) पंजाब राज्य की राजधानी का नाम लिखिए । 1

upboardonline.com